**लापरवाही** | प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनदेखी पड़ रही भारी , स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा ,रिंग रोड निर्माण कंपनी नहीं कर रही पानी का छिड़काव

# बेलखाड़ू की सड़क से उड़ती धूल से ग्रामीण हो रहे परेशान








**राकेश नगाइच**

**नवभारत,बेलखाड़ू ।** कटंगी रोड पर बेलखाड़ू के समीप से रिंग रोड निर्माण कार्य तेजी पर है। इसमें लगी हुए बड़े ट्राला, डंफर का चौबीस घंटे आवागमन होता है जिससे धूल उड़ती है साथ ही मुख्य मार्ग पर बसे बेलखाड़ू की सड़क पर गड्ढे है जिनकी गिट्टियां उखड़ गई है। जिन पर से गुजरते हुए भारी वाहन 24 घंटे धूल उड़ाकर कहर ढा रहे हैं।

### दिन भर धूल साफ करने का काम

ऐसे में तेज गति से दिनों ओर आवागमन करने वाले बड़े वाहनों से उड़ते धूल के बवंडर से एक ओर गांव के घर रोज धूल से सराबोर हो रहे। तो दूसरी ओर घरों में खड़े चौपहिया वाहन, दोपहिया वाहन रात भर में धूल से रंग जाते हैं। सुबह से लेकर शाम तक व्यापारी, घरेलू ग्रहणी पूरे दिन झाड़ू, पोंछा कर कर के परेशान हैं,साथ ही लोगों को श्वास, खुजली ,बाल झड़ने जैसी समस्याएं भी व्याप्त है । सड़क निर्माण एवं रिंग रोड से जुड़ी कंपनियां पानी का छिड़काव नहीं कर रही। ग्राम झगरा , खाने के ढाबे के सामने की सड़क, बघोंडी की कुछ जगह पर पानी का नाम मात्र छिड़काव किया जा रहा है। मेन रोड पर बसी बेलखाड़ू बस्ती एक बड़ी व्यापारिक बस्ती है जिससे यहां के व्यापारी भी अपने संस्थानों में रंगने वाली धूल को साफ करके परेशान हैं, इसके अलावा खाद्य सामग्री से संबंधित छोटी चाय नाश्ते की होटल चलाने वाले दुकान दार दिन रात उड़ती धूल से परेशान है। सड़क की गिट्टियां उखड़ जाने से भी बस्ती में स्पीड से निकलते चौपहिया वाहनों से अत्यधिक धूल उड़कर घरों और दुकानों में प्रवेश कर रही है।

### प्रदूषण विभाग है निष्क्रिय

पूरा क्षेत्र धूल से परेशान है। एक ओर लोगों को शरीर में तकलीफें बढ़ रही है। वहीं निर्माण शर्तों को दरकिनार कर मनमर्जी जारी है। वहीं दूसरी ओर प्रदूषण नियंत्रण विभाग जबलपुर की निष्क्रियता के चलते भी ग्रामीण परेशान है।

### एक मोहल्ले के हिस्से में रोज पानी छिड़काव

बेलखाड़ू के साहू मोहल्ले में रिग रोड निर्माण कंपनी द्वारा पानी छिड़काव रोज किया जा रहा है। वहीं पूरी बस्ती में धूल ही धूल होने से ग्रामीण त्रस्त है। साथ ही रिग रोड निर्माण कंपनी के इस भेदभाव पूर्ण पानी छिड़काव से बेलखाड़ू के व्यापारी, घरेलू ग्रहणी में खासा आक्रोश व्याप्त हैं। रिंग रोड निर्माण कंपनी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जहां से हमारी गाड़ियां गुजर रही वही बस हम पानी का छिड़काव करेंगे। जबकि दूसरी ओर जब निर्माण कार्य होता है और चौपहिया वाहन रफ्तार में गुजरते हैं तो धूल हवा के माध्यम से उड़कर कितनी दूर तक जाएगी यह बताना मुश्किल है। ग्रामीणों ने जबलपुर जिला कलेक्टर महोदय से इस समस्या की ओर ध्यान देकर मदद करने की मांग की है।

## इनका कहना है



सड़क पर उड़ती धूल से अस्थमा, फेफड़ों में संक्रमण, त्वचा में खुजली,बाल झड़ना सहित स्वांस दमा रोगियों को परेशानी आदि हैं, इन रोगों से संबंधित रोगी हमारे स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचते है। इससे दैनिक जिंदगी में मास्क लगाना ही एक मात्र प्राथमिक बचाव है।

**डॉ पीयूष द्विवेदी**
**मेडिकल ऑफिसर ,स्वास्थ्य केंद्र**



में पेशे से होटल व्यवसासी हूं, बरसात के बाद रोड में बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे धूल, मिट्टी निकलते हुए भारी वाहनों से उड़कर हमारी दुकान में प्रवेश कर रही है। हम सब व्यापारी धूल से परेशान हैं।

**देवेंद्र पटेल पप्पू, दुकानदार**



आवागमन करते बड़े वाहनों से 24 घंटे बहुत धूल उड़ती है।जो स्वास्थ्य के लिए धातक है। यहां कभी पानी का छिड़काव नहीं किया जाता। धूल से घर, कार्यालय सराबोर है।

**विजय प्रजापति**



रिंग रोड निर्माण जब से प्रारंभ हुआ तभी से धूल ही धूल हो रही हैं, व्यापारिक बस्ती होने के बाद भी पानी का छिड़काव नहीं कराया जाता है। पूरी दुकान में दिन भर धूल साफ करनी पड़ती है।

**अनिरूद्ध सिंह राजपूत, दुकानदार**



वाहनों की तेज रफ्तार से धूल उड़कर पूरी दुकान में भरती है। रिंग रोड निर्माण से स्थित यह है कि रोज सफाई कर कर के तंग हो गए। स्वांस से की फेफड़ों में धूल जा रही है।

**शशांक सिंह ठाकुर, दुकानदार**



बहुत लापरवाही है, विभाग द्वारा ध्यान नहीं देने से पूरी बेलखाड़ू के घर ,आंगन, दोपहिया, चौपहिया वाहन 24 घंटे उड़ती धूल से रंगे हुए हैं। सफाई कर कर के घर के पुरुष महिलाएं बेहद परेशान हो गई है।

**भूरा साहू, टायर दुकान**



धूल उड़ने से पूरी सब्जियां धूल से रंग जाती है। दिन भर पानी से साफ करनी पड़ती है। बेलखाड़ू मेन रोड पर मार्केट बसा हुआ है। फिर भी रिंग रोड द्वारा यहां पानी का छिड़काव नहीं होता है।

**अर्जुन बर्मन, सब्जी विक्रेता**



# शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**भक्तिमय माहौल में गूंजे जयकारे**

**नवभारत,बेलखाड़ू( जबलपुर )।** ग्राम बेलखाड़ू में धार्मिक उत्साह और भक्ति भावना के बीच सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य चल समारोह के साथ हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ आत्म पुरोहित श्रीदत्त जी महाराज कोनी के सानिध्य एवं डॉ. के.के. नगाइच की उपस्थिति में विधि विधान के साथ किया गया। शोभा यात्रा समारोह में कन्याओं एवं महिलाओं ने कलश एवं सजे हुए रथ पर भगवताचार्य एवं यजमान भागवत जी को लेकर विराजमान हुए, जिनके दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शोभायात्रा खेरमाई मंदिर, कुटी शिवोहम मंदिर एवं माँ कर्मा माई मंदिर में विधि विधान से पूजन पश्चात नगर के मार्ग से निकाली गई। मार्ग में जगह-जगह ग्रामवासियों ने दर्शन कर स्वागत किया। पूरे ग्राम का वातावरण हरि नाम संकीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से गूंज उठा। कथा स्थल पर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार , हनुमान चालीसा पाठ एवं दीप प्रज्वलन के साथ कथा का शुभारंभ किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

शोभायात्रा में प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार, रामकुमार नगाइच, डॉ संदीप नगाइच, महेश तिवारी,बाबा पटेल, सुरेश महेरे, रामकृष्ण शास्त्री, राकेश तिवारी, राजू नगाइच, अनारी साहू,मुकेश पटेल, महेश पटेल, मुकेश नगाइच,रोहित मेहरा, रवि पटेल, अरविंद शिवहरे,गोलू ठाकुर, रजनीश नगाइच,भूरा साहू, उदय लोधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चारों विकासखंड के लोगों का महाकुंभ 9 दिसंबर को सिहोरा में

**आमरण अनशन के साथ ही सिहोरा बंद का होगा ऐलान**



**सिहोरा नवभारत।** सिहोरा जिला के आंदोलन की रणनीति बनाने सैकड़ों की संख्या में सिहोरा वासी एकत्र हुए और ऐलान किया कि पूर्व प्रचारक के आमरण अनशन प्रारंभ के साथ ही संपूर्ण सिहोरा बंद का आह्वान होगा इससे पहले प्रस्तावित सिहोरा जिला के चारो विकासखंडों में चलो सिहोरा यात्रा निकालकर 9 दिसंबर को विशाल महाकुंभ जोड़ा जाएगा।

### पूर्व प्रचारक के दोहराया संकल्प

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू ने बैठक में अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि वह आगामी 6 दिसंबर से अन्न का त्याग कर सद बुद्धि यज्ञ प्रारंभ करेंगे और उसके बाद 9 दिसंबर से में जल का भी त्याग कर देंगे। उन्होंने सिहोरा वासियों से अपील की कि सिहोरा भारत का केंद्र बिंदु है वर्षों से अपेक्षित है अब मातृभूमि का ऋण चुकाने आगे आना होगा।

### ग्राम पंचायत स्तर पर करेंगे सभा

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने घोषणा की कि वह बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, मझौली और सिहोरा के प्रत्येक विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुंच कर उन्हें 9 दिसंबर को सिहोरा में एकत्र होने का आह्वान करेंगे। 9 दिसंबर से सिहोरा में प्रमोद जी के आमरण सत्याग्रह की शुरुआत कर के साथ ही जिला बनने तक के आमरण की शुरुआत होगी।

### निर्णायक संघर्ष के लिए जागा सिहोरा

सिहोरा में होने वाली इस बैठक से यह स्पष्ट हो गया कि अब सिहोरा जिला के लिए सिहोरा वासी निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार है। सिहोरा वासियों ने अपने उद्बोधन में अब सरकार द्वारा की जा रही लेट लतीफी और सिहोरा की उपेक्षा को आड़े हाथों लेते हुए आर पार के संघर्ष का आवाहन किया। उपस्थित अनेक साथियों ने आमरण अनशन के साथ-साथ सिहोरा बंद और आत्मदाह तक की चेतावनी दी है।

# हादसों का तांडव, रीवा-झाबुआ में 7 की मौत

**4 चार की मौके पर मौत, तीन की हालत गंभीर**









रीवा/झाबुआ, 09 नवंबर. प्रदेश में रविवार को रफ्तार के दो बड़े हादसों ने जनजीवन को झकझोर दिया. रीवा-प्रयागराज हाइवे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में कुल सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हैं.

रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदुआ कोठार में रविवार शाम लगभग 4.30 बजे तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंद दिया. हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं. मृतकों में रामनरेश साकेत (35), रुझि साकेत (12), रंजना साकेत और कमलेश सिंह (45) शामिल हैं. सभी स्थानीय निवासी थे. घायलों — सुलेखा पति मुन्नीलाल, सौम्या पिता मुन्नीलाल एवं एक अन्य — को संजय गांधी अस्पताल, रीवा में भर्ती कराया गया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कार्पियो प्रयागराज की ओर जा रही थी, तभी अचानक नियंत्रण खो बैठी और लोगों के साथ एक मोटरसाइकिल को भी टक्कर मार दी. हादसे के बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया. सूचना मिलते ही मनगवां एसडीओपी सहित चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश का प्रयास किया. किंतु देर रात तक जाम नहीं खुला था. हाइवे के दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंसे रहे.

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर 3 मजदूरों की मौत**

इसी दिन झाबुआ जिले के बामनिया क्षेत्र के प्रवासी मजदूरों पर मौत ने कहर बरपा दिया. गुजरात के बड़ौदा के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सड़क किनारे काम कर रहे मजदूरों पर तेज रफ्तार ट्रक चढ़ गया. हादसे में तीन मजदूर — मोवान पिता भिंडु मुनिया, जानू पिता कोदर भूरिया और बालसिंह पिता मकना गेहलोद — की मौके पर मौत हो गई, जबकि शिवा पिता बालू भूरिया गंभीर रूप से घायल हैं. सभी मजदूर ग्राम रत्नाली (झाबुआ) के रहने वाले थे और ठेकेदार के माध्यम से एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य में जुटे थे. दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में मातम छा गया. ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता और स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था की मांग की.



# भोपाल समेत कई जिलों में शीत लहर का कहर

**भोपाल,9 नवम्बर. प्रदेश में ठंड धीरे-धीरे अपने रंग दिखाने लगी है. सुबह और देर रात के समय सर्द हवाओं के साथ गलन बढ़ गई है. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में कई हिस्सों में कोहरे की संभावना जताई है.**

पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहा, लेकिन तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार, रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग में शीत लहर का प्रभाव रहा, जबकि भोपाल, राजगढ़, सिहोर, इंदौर और शाजापुर में तीव्र शीत लहर देखी गई. बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में खास बदलाव नहीं हुआ, पर यह सामान्य से नीचे रहा.

इंदौर, चंबल, रीवा और शहडोल संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 से 3.8 डिग्री सेल्सियस तक कम दर्ज हुआ.

वहीं, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और सागर संभागों में यह सामान्य से 1.9 से 2.9 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा. न्यूनतम तापमान की बात करें तो जबलपुर संभाग के जिलों में पारा 2.1 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का. भोपाल और उज्जैन संभागों में यह सामान्य से 5.6 से 7.8 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गया. वहीं, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर और सागर में यह सामान्य से 3.0 से 4.6 डिग्री सेल्सियस तक गिरा.

# राहुल ने मप्र युवा कांग्रेस की वोट चोरी की : सारंग



**भोपाल, 09 नवम्बर.** मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी देशभर में वोट चोरी के आरोप लगाते हैं, जबकि उनकी अगुवाई में कांग्रेस पार्टी के अंदर ही वोट चोरी हो गई. उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए युवा कांग्रेस चुनाव में साढ़े 8 लाख वोट चोरी हुए. किसान के बेटे अभिषेक परमार को हराने के लिए कांग्रेस नेताओं ने वोट में हेराफेरी की और वरिष्ठ नेता लखन घनघोरिया के बेटे यश को जिताया, जिससे यह चुनाव भी वंशवाद और परिवारवाद की भेंट चढ़ गया.सारंग ने कहा कि कांग्रेस ने युवा कांग्रेस के चुनाव में रजिस्ट्रेशन के नाम पर साढ़े 8 करोड़ रुपए की ठगी की. लगभग 15 लाख युवाओं से प्रति व्यक्ति 50 रुपए वसूले गए, जबकि लाखों वोट रिजेक्ट या होल्ड कर दिए गए. उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की अलोकतांत्रिक मानसिकता को दर्शाता है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास नहीं करती.

## लक्ष्मी चंद्र जैन का निधन



**नवभारत, पनागर।** गांधी वार्ड निवासी लक्ष्मी चंद्र जैन का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप कैलाश चंद्र जैन,मुकेश कुमार जैन के पिताजी थे। अंतिम संस्कार आज जगमोहन वार्ड स्थित शमशान घाट पर सुबह 11 बजे किया जायेगा।

## कोटवार समेत दो पर हमला

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत तिलहर में बदमाश ने घर के सामने बाइक खड़ी करने पर कोटवारी और उसके दोस्त पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र झारिया 41 वर्ष निवासी ग्राम मलारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम कोटवार है दिनांक मोटर सायकल से दोस्त अनूप पटैल के साथ तिलहर अपने खेत गया था। बाइक को रोहाणी झारिया के घर के सामने खड़ी किया था। इसी बात को करिया यादव विवाद करने लगे। डंडा से हमलाकर उसे एवं अनूप के सिर में चोट पहुंचा दी।

# यात्रियों के मोबाइल चुराने वाला पकड़ाया



**जबलपुर, नवभारत।** रेल्वे स्टेशन में यात्रियों के मोबाइल चुराने वाले शातिर चोर को जीआरपी ने दबोच लिया जिसके कब्जे से पांच चोरी के मोबाइल जब्त किए गए है। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि विशेष चैकिंग अभियान में संतोष गुजराती उर्फ कूका पिता करन गुजराती 30 वर्ष निवासी ओम दुर्गा साँई मन्दिर के पास कंजर मोहल्ला बेलबाग को पकड़ा गया। कडाई से पूछताछ की गई आरोपी ने रेलवे स्टेशन में चोरी करने के लिये आना बताया पूछताछ कर तलाशी लेने पर पाँच विभिन्न कम्पनियों के मोबाईल कीमती 89,500 रूपये के जप्त किये गये। आरोपी से अन्य चोरी के मामलो मे पूछताछ की जा रही है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं राहुल द्विवेदी उम्र 33 वर्ष आत्मज श्री कमलेश द्विवेदी निवासी कुंडम रोड पिपरिया थाना खमरिया जिला जबलपुर बाला शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ।1. यह कि, मैं शपथकर्ता कुंडम रोड पिपरिया थाना खमरिया जिला जबलपुर का निवासी हूँ।2. यह कि मेरे शिक्षा संबंधी प्रमाण पत्रों में मेरा नाम राहुल दुबे आत्मज श्री कमलेश द्विवेदी दर्ज है।3. यह कि, मेरे आधार कार्ड पैनकार्ड में मेरा नाम राहुल द्विवेदी दर्ज है।4. यह कि मैं अपने आधार कार्ड एवं पनकार्ड के आधार पर अपना नाम राहुल दुबे के स्थान पर राहुल द्विवेदी संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ अतः मुझे आज से राहुल दुबे के स्थान पर राहुल द्विवेदी के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जायें।

जबलपुर दिनांक :- 17/10/2025
गलत नाम :- राहुल दुबे
सही नाम :- राहुल द्विवेदी

CENTRUM Home Loans — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट एवं रजिस्टर्ड ऑफिस : यूनिट नं. 801, सेन्ट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई- 400098, CIN No. U65922MH2016PLC273826
सेन्ट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, मकान नं. 821, डी.एन. जैन कॉलेज के सामने, गोल बाजार, जबलपुर-482002, मध्यप्रदेश

परिशिष्ट- IV -ए
(नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक देखें
**नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत उधारकर्ता/ऋणकर्ताओं से देय राशि की वसूली हेतु नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्ति का कब्जा लेने के अनुसरण में, अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो भौतिक कब्जे में है, की खरीद हेतु सीलबंद लिफाफों में 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो है' के आधार पर प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है :-

| क्र. | देनदारों/सह देनदारों/गारंटरों का नाम / लोन एकाउंट नं./ब्रांच | कुल बकाया की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण | रिजर्व मूल्य | बयाना राशि जमा (ईएमडी) 10 प्र.श. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शेख आबिद और श्रीमती समीना बी JLRJL18001522 | 30-06-2021 तक रु. 12,86,606/- (रु. बारह लाख छियासी हजार छह सौ छह मात्र) | मौजा-क़डवारी, पी. एच. नंबर 24, नया 80, खसरा नंबर 115/2, 115/3, 115/4, प्लॉट नंबर 16, वार्ड नंबर 74, आरएनएम महाराजपुर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, जबलपुर-482002, जबलपुर, मध्य प्रदेश में अचल संपत्ति के अधिकार, हिस्से और टुकड़े. सीमाएँ- पूर्व-रैकवार की खुली ज़मीन का खेत, पश्चिम-सड़क, उत्तर-मकसूद अहमद का घर, दक्षिण-जैन का प्लॉट. | रु. 14,00,000/- (रु. चौदह लाख मात्र) | रु. 1,40,000/- (रु. एक लाख चालीस हजार मात्र) |

1. नीलामी 'जहाँ है जैसा है' और 'जो है जैसा है' के आधार पर आयोजित की जा रही है. 2. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में शामिल हैं, जो उपर्युक्त शाखा कार्यालय में उपलब्ध है. 3. निर्धारित निविदा प्रपत्रों में सीलबंद बोली/प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 'सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्रॉफ्ट के माध्यम से देय अग्रिम राशि और केवाईसी के साथ 11-12-2025 को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक उपरोक्त शाखा कार्यालय के पते पर जमा करनी है. पूरी तरह से न भरी गई निविदाएँ या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएँ अमान्य मानी जाएंगी और तदनुसार अस्वीकार कर दी जाएंगी. अग्रिम राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा. 4. अचल संपत्ति के निरीक्षण की तिथि 10-12-2025 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक है. 5. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव नीलामी खोलने की तिथि 12-12-2025 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक उपर्युक्त शाखा कार्यालय के पते पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक है. 6. क्रेता को नीलाम की गई संपत्ति के संबंध में लागू स्टाम्प शुल्क/अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क/हस्तांतरण शुल्क, शुल्क आदि और सभी वैधानिक बकाया, कर, दर निर्धारण, सरकारी और अर्ध-सरकारी कर, टीडीएस और अन्य शुल्क, फीस आदि का भुगतान करना होगा. उपर्युक्त बंधक संपत्ति का कब्ज़ा सीएचएफएल के पास है, जो उपरोक्त के अनुपालन पर सफल बोलीदाता को शांतिपूर्ण कब्ज़ा सौंप देगा. इच्छुक बोलीदाता को संपत्ति के भार/शीर्षक के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए और स्वयं का निरीक्षण और संतुष्टि भी करनी चाहिए. 7. संपत्तियों को अपने नाम पर हस्तांतरित कराने के लिए अन्य सभी खर्च और वैधानिक बकाया, यदि कोई हो, सफल क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा. 8. उच्चतम बोली लगाने वाला सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अनुमोदन के अधीन होगा. प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण बताए प्राप्त सभी प्रस्ताव/बोली को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा. उसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा. 9. ऋणी/गारंटर को एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 के अंतर्गत नीलामी की तिथि से पूर्व उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए 30 दिन का विक्रय नोटिस दिया जाता है. ऐसा न करने पर अचल संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी. यदि ऋणी बिक्री की तिथि से पूर्व सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि का पूर्ण भुगतान कर देता है, तो नीलामी रद्द कर दी जाएगी. अधिक जानकारी के लिए, कृपया उपरोक्त कार्यालय पते पर प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें. संपर्क व्यक्ति - 1. श्री अंकित विग - 8668943242 I 2. श्री प्रशांत सोनी - 8461809049.

स्थान- मध्यप्रदेश
दिनांक- 10-11-2025

हस्ता./-
अधिकृत अधिकारी
सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड